**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 22.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रदेश के सात विधानसभा सीटो के उपचुनाव की मतगणना कल सुबह आठ बजे से–मतगणना के रुझानों और परिणामों की जानकारी के लिए विशेष इंतज़ाम।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देशवासियों से राष्ट्र प्रथम का दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया।**
- **देशभर में 25 नवम्बर से शुरू हो रहे विकसित भारत चैलेंज से एक करोड़ युवाओं को जोड़ा जाएगा।**
- **उत्तर–पश्चिम रेलवे ने 48 विशेष ट्रेनों को एक जनवरी से नियमित करने का फैसला किया।**

000

प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों – झुंझुनू, रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी में उपचुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इस दौरान तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। श्री महाजन ने बताया कि 98 टेबलों पर ईवीएम के मतों की गणना होगी और डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 39 टेबल लगाए गए हैं।

..........

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थलों पर सीसीटीवी कवरेज और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। मीडिया सेंटर में एलईडी स्क्रीन पर मतगणना के रुझान और परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट और निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप 'वोटर हेल्पलाइन एप' पर भी मतगणना के रुझान और परिणाम उपलब्ध रहेंगे। कल की मतगणना से 69 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला हो जाएगा।

खींवसर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना नागौर के विधि महाविद्यालय में होगी। मतगणना के लिए करीब 100 कार्मिक लगाए गए हैं। चौरासी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना डूंगरपुर के श्रीभोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में होगी। इसी तरह झुंझुनूं की मतगणना शहर के सेठ मोती लाल पीजी कॉलेज में की जाएगी। दौसा में मतगणना के दौरान 700 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। देवली–उनियारा विधानसभा सीट के मतों की गिनती टोंक के सरकारी पीजी कॉलेज में होगी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी देशवासियों से राष्ट्र प्रथम का दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया है। हैदराबाद में आज एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि सभी नागरिकों को देश की सांस्कृतिक तथा बौद्धिक विरासत को समझना चाहिए और हमारी अमूल्य परंपराओं को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता की भावना ने कई चुनौतियों के बावजूद देश को एकजुट रखा है।

............

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय दर्शन ने ही विश्व समुदाय को आदर्श जीवन मूल्यों का उपहार दिया है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि हमारे पूर्वजों की गौरवशाली परम्परा को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल जोधपुर के एक दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स, जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के 64वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।

000

केन्द्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ.राजभूषण चौधरी ने आज जैसलमेर में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। डॉ. चौधरी ने आकांक्षी जिले के विभिन्न 5 क्षेत्रों के 49 संकेतकों की उपलब्धियों को संतोषजनक बताया। उन्होंने स्वास्थ्य और पौषण, शिक्षा, आधारभूत संरचनाओं, कृषि क्षेत्र में धरातल पर विशेष कार्य कर जरुरमंदों को योजनाओं से लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयास किये जाएं।

000

खान और पैट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने आज बाड़मेर ज़िले में नागाणा स्थित मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल–एमपीटी की विभिन्न इकाइयों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंगला क्षेत्र में तेल के दोहन वाले कुएं का अवलोकन करने के साथ ही तेल उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। श्री रविकान्त ने कहा कि बाड़मेर तेल क्षेत्र देश के महत्वपूर्ण तेल उत्पादन क्षेत्रों में से एक है। इससे पहले श्री रविकान्त ने जालीपा स्थित लिग्नाइट की खानों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ज़ीरो लॉस तकनीक से

लिग्नाइट का दोहन किया जाना चाहिए और माइनिंग सुरक्षा मानकों की सख़्ती से पालना सुनिश्चित की जानी चाहिए।

000

देशभर में 25 नवम्बर से शुरू हो रहे विकसित भारत चैलेंज से एक करोड़ युवाओं को जोड़ा जाएगा। आज जयपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण, नेहरु युवा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रेस वार्ता में नेहरू युवा केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक भुवनेश जैन ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चैलेंज का पहला चरण 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर के बीच राष्ट्रव्यापी डिजिटल क्विज़ के रूप में आयोजित होगा। यह क्विज़ माई भारत प्लेटफॉर्म पर होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। दूसरे चरण में निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता होगी और तीसरे चरण में प्रतिभागी अपने राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर विचार प्रस्तुत करेंगे। चौथे और अंतिम चरण में 11 और 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विभिन्न राज्य स्तरीय टीमें राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से 48 विशेष रेलसेवाएं नियमित रेलसेवा में बदल दी जाएंगी। इनमें दिल्ली, रेवाड़ी, हिसार, रोहतक, जींद, भिवानी और उदयपुर जैसे शहरों को जोड़ने वाली रेल सेवाएं शामिल हैं। इस निर्णय से यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के डीआरएम विकास पुरवार ने आज झुंझुनूं में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर श्री पुरवार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जयपुर और रींगस स्टेशन पर रिडवलपमेंट तथा मॉर्डनाइजेशन का कार्य हो रहा है। उन्होंने फुट ओवरब्रिज और लिफ्ट के कार्य अगले साल मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए।

000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो–सीबीएन, चित्तौड़गढ़ के निरीक्षक और एक दलाल को तीन लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीएन निदेशक ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामले के निपटारे के लिए शुरू में 20 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बाद में, आरोपियों ने 8 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। सीबीआई ने आरोपी निरीक्षक की ओर से तीन लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करने के दौरान उसे और दलाल को रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीआई ने चित्तौड़गढ़ और बीकानेर राजस्थान में आरोपी निरीक्षक के आवासीय और कार्यालय परिसरों की तलाशी भी ली।

000

भरतपुर जिले के बयाना में आज ''नई किरण, नशा मुक्ति'' अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। सरकारी कॉलेज में हुई कार्यशाला में तंबाकू, गुटखा, शराब के सेवन सहित मादक पदार्थों का उपयोग करने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यशाला में नशे की गिरफ्त में आए लोगों को समझा कर उन्हें नशीले पदार्थ से दूर रहने के लिए जागरुक करने का आह्वान किया गया।

000

बालोतरा में बाड़मेर–जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार और टैंकर की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना में कार में सवार तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को जोधपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के सिरोही क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जिले के शिवगंज में आयोजित विकसित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आज सम्पन्न हुई। ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने इस मौके पर विकसित भारत प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

000

प्रदेश में बढ़ती सर्दी के बीच ज्यादातर स्थानों के तापमान सामान्य से नीचे चल रहे हैं। आज माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मैदानी इलाकों में सिरोही में सबसे ज्यादा ठंड रही, जहां रात का पारा 7 दशमलव 3 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 8, जालौर में 8 दशमलव 6, डबोक में 8 दशमलव 8, भीलवाडा में 9 दशमलव 2, चूरू में 9 दशमलव 3, चित्तौडगढ में 9 दशमलव 4 और अलवर में 10 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी इलाकों में कहीं–कहीं कोहरा छाने की संभावना जताई है। प्रदेश के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

000

प्रदेश के कई शहरों में पिछले तीन चार दिन में वायु प्रदूषण बढा है। इसके मद्देनजर भिवाड़ी में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सभी तरह के निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है। खैरथल–तिजारा क्षेत्र में बढते वायु प्रदूषण को देखते हुए सभी सरकारी और गैर सरकारी प्राथमिक स्कूलों को कल तक बंद रखने के आदेश दिये गये हैं। अलवर में आज एक्यूआई 109 दर्ज किया गया।

000